## एक नजर

### निष्क्रिय कार्यकर्ता होंगे पदमुक्त, होगी समीक्षा

**पीलीभीत।** बहुजन समाज पार्टी के कोऑर्डिनेटर एवं पूर्व सांसद मुनकाद अली ने लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार की समीक्षा की। सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ने के निर्देश दिए। कहा कि जिन लोगों ने पार्टी को पूरे मन से लोकसभा चुनाव नहीं लड़वाया है उन्हें पदमुक्त किया जाए। ये भी कहा कि शीघ्र ही गहनता से समीक्षा को तैयार रहें। इस मौके पर राजकुमार गौतम, जयपाल सिंह ,राजवीर सिंह, नरेंद्र सागर,अनीस खान,एलपी सागर, रामसनेही गौतम, राजेंद्र पाल भगवान सिंह गौतम, गजेंद्र शर्मा, निरंजन गौतम, राधेश्याम भारती, डॉ .डीआर वर्मा, महेश वर्मा आदि रहे।

### महिला से छेड़छाड़, विरोध करने पर पति को पीटा

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली दी तहरीर में क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि वह पति व बच्चों के साथ बेटी की शादी को लेकर खरीदारी करने दस जून को पूरनपुर आई थी। स्टेशन चौराहा पर एचडीएफसी बैंक के सामने इश्तियाक के ठेले पर फल खरीदने लगी। इस दौरान इश्तियाक और रईस ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर अपने साथियों को बुलाकर पति की पिटाई कर दी। इस दौरान पीड़िता के कुछ जेवर भी गिर गए। पुलिस ने मामले में इश्तियाक, रईस, छोटा और काशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### 20 तक गन्ना भुगतान न होने पर होगा आंदोलन

**बरखेड़ा।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल के अध्याशी को बुधवार को ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान चीनी मिल पर करीब 138 करोड़ रुपये बाकी है। अभी तक इसका भुगतान किसानों को नहीं किया गया है। जिसके चलते किसान परेशान है। आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। किसान आगामी फसलों को तैयार करने के लिए कर्ज लेने को मजबूर है। 20 जून तक संपूर्ण भुगतान नहीं किया गया तो 21 जून को होने वाली संगठन की मासिक पंचायत में आपके खिलाफ निर्णय लिया जाएगा। साथ ही अविलंब किसानों के हितों को देखते हुए चीनी मिल गेट पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया जाएगा।

# देवीपुरा गोशाला में मरती रहेंगी गोमाता और नपता रहेगा स्टाफ... साहब का तो है यही अंदाज

## कई गोवंश की मौत और यहां खामियां मिलने पर जिम्मेदारों ने फजीहत से बचने को स्टाफ पर फोड़ा ठीकरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** देवीपुरा गोशाला में गोवंशीय पशुओं की बदहाली दूर करने के नाम पर एक बार फिर शिकायत के बाद शुरू हुआ शोर शांत कराने को साहब ने गोशाला के स्टाफ पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ दिया है। जिम्मेदारों की ओर से देखरेख में बरती गई लापरवाही पर सिर्फ नोटिस जारी कर उनसे जवाब तलब किया जाएगा। जबकि अभी ढाई महीने पहले ही तीन गोवंशीय पशुओं की मौत के बाद केयरटेकर को हटाकर नये की तैनाती कराई गई थी। उस वक्त भी ये दावे किए गए थे कि अब पशुओं की देखरेख में कमी न आए.. प्रतिदिन इसकी देखरेख कराते हुए इंतजाम दुरुस्त कराए जाएंगे। फिलहाल कोई स्थायी समाधान जिम्मेदार अभी भी नहीं तलाश सके हैं। इतना जरूर है लगातार गायों की मौत पर फजीहत से बचने को गोशाला के पूरे स्टाफ को हटाकर उसकी जगह दूसरा स्टाफ तैनात करने के निर्देश पर बीडीओ मरौरी को दिए गए हैं।

मरौरी ब्लाक के अंतर्गत आने वाली देवीपुरा गोशाला इन दिनों सुर्खियों में है। तीन दिन पूर्व हिंदू महासभा कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि देवीपुरा गोशाला में रात को गोवंशों को बेचा जा रहा है। पशुओं की संख्या कम होने के बावजूद अभिलेखों में संख्या बढ़ाकर दर्शाई जा रही है। इसके अलावा मृत गोवंशों का सही से न दफनाने की भी शिकायत की गई थी। महासभा कार्यकर्ताओं ने इसकी शिकायत डीएम एवं सीडीओ से की थी। सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए शिकायत की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच करने के निर्देश दिए थे। सीडीओ के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम में शामिल डिप्टी सीवीओ डॉ. लक्ष्मी प्रसाद एवं खंड विकास अधिकारी मरौरी मृदुला ने गोशाला पहुंचकर जांच की थी। जांच के दौरान मृत पशुओं के दफनाने में लापरवाही उजागर हुई थी। वहीं गोवंश की गणना भी कराई गई, जिसमें पांच गोवंश कम पाए गए थे। टीम ने इस पूरे मामले में ग्राम प्रधान और सचिव अनिल कुमार की लापरवाही पाते हुए रिपोर्ट सीडीओ सौंप दी थी। बताते हैं कि गोशाला में तैनात स्टाफ की कार्यशैली को लेकर उंगलियां उठने लगी हैं। इधर अब सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने खंड विकास अधिकारी मरौरी को गोशाला में तैनात पूरे स्टाफ को हटाकर उसके स्थान पर दूसरा स्टाफ रखने के निर्देश दिए है। वर्तमान में गोशाला में एक केयरटेकर, दो चौकीदार, तीन गोपालक समेत सफाई कर्मी है। सीडीओ के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी मृदुला ने स्टाफ को हटाने एवं नए स्टाफ की तैनाती को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।



देवीपुरा गोशाला का मुख्य द्वार। ● अमृत विचार




अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

● सीडीओ के निर्देश पर बीडीओ मरौरी ने नए स्टाफ को लेकर शुरू की प्रक्रिया




29 मार्च को प्रकाशित खबर।




चार अप्रैल को प्रकाशित खबर।

### प्रधान-सचिव को थमाया जाएगा नोटिस

सीडीओ के निर्देश पर गठित टीम ने देवीपुरा गोशाला में पहुंचकर जांच की थी। जांच के दौरान ग्राम प्रधान और सचिव की लापरवाही उजागर हुई थी। जांच टीम द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर सीडीओ ने ग्राम प्रधान और सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब करने के निर्देश दिए हैं।

### अप्रैल में ही हटाया था केयरटेकर

देवीपुरा गोशाला में सुधार न होने पर सख्ती का असर सिर्फ गोशाला के स्टाफ तक सीमित रह गया है। इसी साल 28 मार्च की शाम गोशाला पहुंचे विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं को कई गोवंश मृत हालत में मिले थे। इसके बाद हल्ला मचा तो जांचें कराई गई। तीन गोवंश की मौत होने की पुष्टि प्रशासनिक स्तर से की भी गई। मगर उस वक्त भी प्रधान सचिव को नोटिस देकर कर्तव्यों से इतिश्री कर ली गई थी। जबकि केयरटेकर को हटा दिया गया था।

### पूर्व डीएम ने किए थे प्रयास, अब गौर धाम परिवार...

वर्ष 1996 में स्थापित जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित देवीपुरा गोशाला की बदहाली दूर करने के लिए तमाम लोग आगे आए। मगर कुछ दिन की गौसेवा के बाद कोई नहीं दिखा। खुद की राजनीति चमकाई और फिर गोवंश का हाल भी नहीं जाना। चार साल पहले तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने जरूर काफी प्रयास किया। सिर्फ देवीपुरा ही नहीं समस्त गोशालाओ में हरे चारे को उगाने के लिए जमीन चिन्हित कर बोया भी गया। मगर उनके जाने के बाद प्रयास ठप हो गए। वर्तमान में देवीपुरा गोशाला में गौर धाम मंदिर परिवार के सदस्य जरूर सेवा दे रहे है। पांच लाख की लागत से गोवंश के लिए टिनशेड डलवाया और कुछ माह पूर्व ही फर्श भी डलवाया है। कई बार सदस्य फल सब्जी, भूसे का भी इंतजाम करते रहते है। दूसरों को भी गोसेवा के लिए जागरूक करने को मुहिम चला रहे है।

> मुख्य विकास अधिकारी ने देवीपुरा गोशाला का स्टाफ हटाने को निर्देशित किया है। नए स्टाफ ढूंढा जा रहा है। जल्द ही पुराने स्टाफ को हटाकर उसके स्थान पर दूसरा स्टाफ तैनात किया जाएगा। – **मृदुला**, खंड विकास अधिकारी, मरौरी

# गर्मी अधिक है...किसान रखें सिंचाई-गुड़ाई का ध्यान



निरीक्षण के दौरान किसानों से वार्ता करते अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

● ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने टीम और चीनी मिल अधिकारियों संग सर्वे कार्य का किया निरीक्षण

**अमृत विचार:** जिला गन्ना अधिकारी के निर्देश पर बुधवार को ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज कुमार साहू ने बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम ज्योराह कल्यानपुर में गन्ना सर्वेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गन्ना किसानों से उनकी समस्याएं भी पूछी। निरीक्षण के दौरान चीनी मिल के यूनिट हेड मोहम्मद रिजवान खान, वरिष्ठ महाप्रबंधक ( गन्ना ) सुबोध गुप्ता भी साथ रहे।

ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक ने गांव पहुंचते ही खेतों के निरीक्षण के दौरान पेड़ी, पौधा एवं प्रजातिवार रकवा सही पाया। खेतों में उपस्थित किसानों से वार्ता की। एक-एक कर कई किसानों से सर्वे कार्य के बारे में पूछा। उनसे पूछा कि सर्वे के दौरान किस तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। किसी किसान ने कोई शिकायत नहीं की। निरीक्षण में सामने आया कि चीनी मिल की ओर से किसानों के सूचनार्थ एसएमएस सर्वे से पूर्व भेजे जा रहे हैं। चीनी मिल एवं सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के सर्वे कर्ता संयुक्त रूप से सर्वे का कार्य ठीक से कर रहे हैं। किसानों इससे संतुष्ट दिखे। यूनिट हेड मोहम्मद रिजवान खान ने किसानों को बताया कि तापमान अधिक है। इसलिये समय - समय पर सिंचाई एवं गुड़ाई का विशेष ध्यान रखें,ताकि नमी संचित रहे। गन्ना फसल की अच्छी पैदावार लेने के लिए कीट एवं रोग आदि का समय से समुचित उपचार करें। चीनी मिल की ओर से दी जा रही फफूंद नाशक एवं कीटनाशक दवाइयां,अपने क्षेत्र के अधिकारी से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। जो किसान समिति के सदस्य नहीं हैं वह 30 सितम्बर 2024 से पूर्व सदस्य बन जाएं।

### मारपीट करने के बाद भाग रहे युवकों ने पीछा करने पर किया हवाई फायर

**घुंघचाई।** गांव भगवंतपुर काराबोझ के रहने वाले मनजीत सिंह ने बताया कि नौ जून की रात करीब दस बजे वह अपने आंगन में चारपाई पर लेटे थे। इसी दौरान गांव दंदौल का रहने वाला कुलविंदर सिंह अपने साथ के साथ पहुंचा और घर में घुस गया। आरोप है कि घर में घुसते ही दोनों ने उनको गाली देना शुरू कर दिया। जब इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर परिवार के लोग आए तो आरोपी पुलिस में शिकायत करने पर जान जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इसके बाद उसके परिवार ने भाग रहे आरोपियों का पीछा किया तो तमंचे से हवाई फायर कर दी। इसी दौरान भाग रहे आरोपियों की बाइक रास्ते में गिर गई। जिसको वह मौके पर ही छोड़कर भाग गए। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# विहिप, बजरंग दल ने फूंका आतंकवाद का पुतला



कलेक्ट्रेट तिराहे पर आतंकवाद का पुतला फूंकते विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ता।



एडीएम को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● तीर्थ यात्रियों से भरी बस पर नौ जून को हुए आतंकी हमले की जमकर निंदा की

● राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पदाधिकारियों ने एडीएम को सौंप सख्त कदम उठाने की मांग

**अमृत विचार:** जम्मू कश्मीर में तीर्थयात्रियों से भरी बस पर हुए आतंकी हमले पर विहिप (विश्व हिंदू परिषद) कार्यकर्ता भड़क उठे। कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट तिराहे पर जमकर नारेबाजी की और आतंकवाद के पुतले को फूंका। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपकर आतंकवाद के खिलाफ कड़ा कदम उठाने की मांग की।

पाक आतंकियों की कायराना हरकत पर बुधवार को विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता भड़क उठे। तमाम विहिप कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार गंगवार के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए टनकपुर हाईवे के कलेक्ट्रेट तिराहा पर पहुंचे। यहां आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और साथ लाए आतंकवाद के पुतले को आग के हवाले कर दिया। इसके बाद सभी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक अजीत परेश को सौंपा। इसमें कहा गया कि जम्मू कश्मीर में तीर्थ यात्रियों की बस पर पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने कायराना हमला किया, यह देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है। जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक उम्मीद जागी है, लेकिन उग्रवादियों का मनोबल कम नहीं हुआ। इन सब के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। देश में नई सरकार के शपथ के समय यह दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश की संप्रभुता को चुनौती दी है। ज्ञापन में कहा गया कि आतंकी गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार को निर्णायक और कठोर कदम उठाने के निर्देश देने की मांग की गई। पुतला दहन करने वालों में प्रवीण मोहन अग्रवाल, महेश कुमार पाठक, अजयपाल राठौर, संतोष मिश्रा, अमित गुप्ता, आदित्य आहूजा, राकेश मौर्या, रामानुज अवस्थी, श्रीपाल वर्मा, संजय वर्मा, टिंकू कृष्ण गोपाल सक्सेना, रामचंद्र सिंह पवार, सोनी पटेल, अभिषेक, पंकज, अरविंद प्रकाश सिंह समेत कई विहिप एवं बजरंगदल कार्यकर्ता शामिल रहे।

### लाठी से वार कर तोड़ दिया गाय का सींग

**बरखेड़ा।** पहले एक ग्रामीण ने लाठी से वार कर गाय का सींग तोड़ दिया। जब पड़ोस युवती और उसकी भाभी ने गाय को बचाने का प्रयास किया तो उनकी भी पिटाई कर दी। कपड़े फाड़ दिए। पुलिस को नामजद तहरीर देकर पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 जून को सुबह आठ बजे गांव का ही एक व्यक्ति उनके घर में घुस आया और उनकी गाय को मारने लगा। लाठी से वार कर गाय का एक सींग तोड़ दिया। जब पीड़िता अपनी भाभी के साथ पहुंची और विरोध किया तो उनकी भी पिटाई कर दी। भाभी को सिर में लाठी मारी, जिसमें वह बेसुध होकर गिर गई। इतना ही नहीं आरोपी ने पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए। आसपास के लोगों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चैनेलाइजेशन कार्य का किया विरोध

संवाददाता, पूरनपुर



शारदा नदी में चल रहे ड्रेजिंग चैनेलाइजेशन कार्य का विरोध करते लोग।

● एक तरफा काम होने पर बताई दर्जनों गांव में बाढ़ की आशंका

**अमृत विचार:** शारदा नदी में चल रहे चैनेलाइजेशन कार्य का भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने विरोध कर प्रदर्शन किया। आरोप है कि एकतरफा चैनेलाइजेशन के कार्य से दर्जनों गांव में बाढ़ की आशंका बनी हुई है। काम बंद करने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में शारदा नदी में बाढ़ से बचाव के लिए चैनेलाइजेशन का काम चल रहा है। 15 जून तक काम पूरा किया जाना है। बुधवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन और ट्रांस शारदा क्षेत्र के लोगों ने बुधवार को शारदा नदी में चल रहे ड्रेजिंग चैनेलाइजेशन कार्य का विरोध किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन भी किया।

एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा गया है कि चंदिया हजारा की ओर से नदी में चैनेलाइजेशन का काम किया जा रहा है जबकि दूसरी ओर ट्रांस शारदा क्षेत्र में चैनेलाइजेशन का काम नहीं कराया गया। एक तरफा किए जाने वाले काम से ट्रांस शारदा क्षेत्र के दर्जनों गांव में बाढ़ की आशंका बनी हुई है। इसका मुख्य कारण एक तरफा चैनेलाइजेशन कार्य है। ग्रामीणों ने बाढ़ की समस्या को देखते हुए एक तरफ किए जा रहे ड्रेजिंग चैनेलाइजेशन काम बंद करने की मांग की है। विधानसभा अध्यक्ष अमित राणा, रनजीत सिंह, अजय शर्मा, श्रवण यादव, कालीचरण, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार, मनोज, मनीष आदि मौजूद रहे।


# भीड़ के बीच तमंचे से फायरिंग करना दो युवकों को पड़ा महंगा

संवाददाता, बीसलपुर

● वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों को दबोचा

**अमृत विचार:** सार्वजनिक रास्ते पर पब्लिक की आवाजाही के बीच तमंचे से फायरिंग करने वाले युवक को पुलिस ने धर दबोचा। वीडियो वायरल होने पर मामला पुलिस के संज्ञान में आया था। आरोपी से तमंचा बरामद करते हुए पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

कोतवाली में दर्ज की गई रिपोर्ट में दरोगा निपुध चौधरी ने बताया कि 11 जून को वह गश्त पर थे। शाम करीब पांच बजे एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। सिपाही गौरव कुमार के मोबाइल पर भी ये वीडियो पहुंचा। जिसमें एक युवक सरेशाम जनता के आने-जाने वाले मार्ग पर तमंचे से फायरिंग करता दिख रहा था। कुछ लोगों ने रोकने व तमंचा छीनने का प्रयास किया तो उन्हें युवक धमकाने लगा। वायरल वीडियो का संज्ञान लेतेहुए छानबीन की गई। जिसमें पता चला कि फायरिंग करने वाला युवक चौसरा गांव का रहने वाला पवन कुमार है। उकसी तलाश शुरू कर दी गई। बुधवार को रामलीला रोड से उसकी गिरफ़्तारी की गई। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि आरोपी के पास से तमंचा, एक कारतूस बरामद हुआ है। आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।






## आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 44.0⁰ | 27.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

# पर्यटकों के लिए खुशखबरी...अब 10 दिन और कर सकेंगे जंगल की सैर

## 15 के बजाय अब 25 जून को बंद होगा पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में घूमने के शौकीन पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है। पीटीआर प्रशासन ने चल रहे पर्यटन सत्र को 10 दिन और बढ़ाने का फैसला लिया है। अब पीटीआर पर्यटकों के लिए 15 जून के बजाए 25 जून को बंद होगा। पीटीआर प्रशासन ने यह निर्णय शासन से अनुमति मिलने के बाद लिया है। वन अफसरों की उम्मीद है कि इन 10 दिनों में पीटीआर पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या में खासा इजाफा होगा।

तराई की तलहटी में बसे पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र हर साल 15 नवंबर से 15 जून तक छह माह के लिए संचालित किया जाता है। बाघों की बढ़ती संख्या और जैवविविधता के दम पर पीलीभीत टाइगर रिजर्व देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी पहचान बनाता नजर आ रहा है। इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच, बाघों एवं अन्य वन्यजीवों का दीदार करने और प्रकृति को करीब से निहारने के लिए यहां देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या सैलानी पहुंच रहे हैं। पीटीआर में पहुंचने वाले सैलानी जंगल की हरी-भरी वादियों के बीच बसे चूका बीच की हटों में ठहरने के साथ ही जंगल सफारी का भी लुत्फ उठाते हैं। वहीं पीटीआर अब धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी अपनी खासी छाप छोड़ता नजर आ रहा है।

यही वजह है कि इस बार पर्यटन सत्र में देशी एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या ने पिछले सारे पर्यटन सत्रों के रिकार्ड तोड़ डाले। इधर कुछ दिन पूर्व वर्तमान पर्यटन सत्र में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जनपद के कुछ प्रमुख होटल, रिसॉर्ट एवं स्टे होम संचालकों ने पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह को ज्ञापन सौंपकर पर्यटन सत्र का समय बढ़ाने की मांग की थी। चूंकि पीटीआर में पर्यटन सत्र को बढ़ाया जाए अथवा नहीं, इसका निर्णय उच्चाधिकारियों द्वारा ही लिया जाना था। जिस पर डिप्टी डायरेक्टर ने संबंधित ज्ञापन को उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया था। इधर बुधवार को शासन द्वारा पीटीआर का पर्यटन सत्र 10 दिन और बढाने की अनुमति दे दी गई। वन अफसरों के मुताबिक अब पीटीआर का पर्यटन सत्र 15 जून के बजाए 25 जून तक चलेगा। पीटीआर का पर्यटन सत्र बढ़ने से वाइल्ड लाइफ के शौकीन पर्यटकों में खासी खुशी देखी जा रही है।


पीटीआर में जंगल सफारी का लुत्फ लेते पर्यटक। ● अमृत विचार

### इस बार देशी-विदेशी पर्यटकों की भरमार

टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा पर्यटन सत्र के तहत 31 मई तक पीटीआर में देश के कोने-कोने से 37,755 देशी पर्यटक पहुंचे हैं। वहीं अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस आदि देशों के 164 विदेशी पर्यटक भी यहां पहुंचे हैं। पीटीआर में पर्यटकों का यह आंकड़ा पिछले सारे पर्यटन सत्रों के रिकार्ड तोड़ चुका है। इधर अब पर्यटन सत्र 10 दिन के लिए और बढाया गया है, ऐसे में इस बार पर्यटकों की संख्या खासी बढ़ोत्तरी होने की संभावना जताई जा रही है।

- डिप्टी डायरेक्टर के भेजे गए प्रस्ताव पर उच्चाधिकारियों ने दी मंजूरी

### चूका बीच में ठहरने का भी सपना होगा पूरा

मिनी गोवा के तौर पहचान बनाने वाला चूका बीच पर्यटकों के लिए खासा पसंदीदा टूरिज्म स्पॉट है। यहां पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए अलग-अलग हट बनी हुई हैं। पर्यटकों के बीच चूका स्पॉट कितना लोकप्रिय है, इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले माह ही चूका बीच की सभी हटें 15 जून तक के लिए एडवांस में बुक हो गई थी। एडवांस बुकिंग होने से कई पर्यटकों को मायूस होना पड़ा था। इधर अब पर्यटन सत्र 10 दिन के लिए बढ़ाया गया, ऐसे में अब उन पर्यटकों का भी चूका बीच में स्टे करने का सपना पूरा हो सकेगा, जो हटों की एडवांस बुकिंग के चलते मायूस हो गए थे।

> उच्चाधिकारियों द्वारा पीटीआर का पर्यटन सत्र 10 दिन और बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। अब पर्यटन सत्र 25 जून तक चलेगा। इस बाबत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।
> – मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

## सड़क निर्माण की जांच कराने की मांग

**गुलाबटांडा।** जिला पंचायत की आरे से कराए गए सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी का आरोप लगा है। क्षेत्र के ही कुछ ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। उनका कहना है कि ग्राम टांडा गुलाब राय में जिला पंचायत की ओर से जो रोड़ डाला गया है, उसकी बजरी दस दिन में ही उखड़ने लगी है। कई जगह गड्ढे होने लगे हैं। अगर कोई ग्रामीण विरोध करता है तो उसे धमकाया जाता है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## कूलर में उतरा करंट चपेट में आने से युवक की मौत

**पूरनपुर, अमृत विचार:** घर में चल रहे कूलर में अचानक करंट उतरने से युवक की जान चली गई। घटनाक्रम का पता चलने पर करंट लगने के बाद युवक को परिजन आनन-फानन में अस्पताल ले गए लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। गमगीन माहौल में परिजनों ने शव सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के रहने वाले नाजिम (23) पुत्र शाहिद नूर मंगलवार रात खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे। नाजिम के परिवार वालों के मुताबिक गर्मी अधिक होने पर घर में रखे कूलर मेंपानी डालाने के बाद जैसे ही कूलर चलाया। उसके कुछ ही देर में अचानक कूलर में करंट उतर आया। चूंकि कूलर में पहले कभी करंट नहीं आया था। इसलिए परिजना रोजाना की तरह घर में कूलर का उपयोग कर रहे थे। बताते हैं कि कूलर को छूते ही नाजिम भी करंट की चपेट में आकर अचेत हो गया। चीख सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। युवक को अचेत हालत में पड़ा देख होश उड़ गए। आनन-फानन में रात में ही परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन का रोकर बुरा हाल रहा।

# अब नोडल अधिकारियों की देखरेख में बंटेगा राशन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




- डीएम ने अगस्त तक नोडल अधिकारियों को मौजूदगी में राशन वितरण के दिए निर्देश
- अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किलो गेहूं और 21 किलो चावल प्रति कार्ड मिलेगा

**अमृत विचार:** जनपद की उचित दर दुकानों पर अब नामित नोडल अधिकारियों की देखरेख में राशन वितरण किया जाएगा। इसको लेकर डीएम ने नोडल अधिकारियों ने उचित दर की दुकानों पर उपस्थित रहकर राशन वितरण कराने के निर्देश दिए हैं।

जनपद में 876 राशन कोटे की दुकानें संचालित की जा रही हैं। इन राशन कोटे की दुकानों से शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के 3.50 लाख से अधिक कार्डधारक जुड़े हैं, जो हर माह इन राशन कोटे की दुकानों से राशन लेते हैं। इधर अब शासन ने राशन कोटे की दुकानों पर नोडल अधिकारियों की देखरेख में राशन वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। शासन के निर्देश पर डीएम संजय कुमार सिंह ने नामित नोडल अधिकारियों को जून से अगस्त तक राशन कोटे की दुकानों पर उपस्थित रहकर राशन वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि उचित दर विक्रेताओं द्वारा राशन कार्डधारकों को ई-वेईग मशीन लिंक्ड ई-पास के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण द्वारा राशन वितरण किया जाएगा।

ऐसे राशन कार्डधारक जो किन्हीं कारणों से आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से राशन लेने से वंचित रहते है तो उन्हें वितरण दिवस के अंतिम दिन ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से राशन मुहैया कराया जाएगा। मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से होने वाले वितरण के समय कार्डधारक से आधार प्रमाणीकरण न होने के कारण तथा उसका परिवार किसी अन्य सदस्य का मोबाइल नंबर संरक्षित किया जाएगा। वहीं संबंधित पूर्ति निरीक्षक द्वारा उक्त मोबाइल नंबर की पुष्टि सुनिश्चित करते हुए कार्डधारक के मोबाइल नंबर को राशन कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम में लाभार्थी के डाटाबेस में फीड कराया जाएगा। बता दें कि शासन के निर्देशानुसार माह जून, जुलाई एवं अगस्त तक अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को 14 किलो गेहूं प्रतिकार्ड और 21 किलो चावल प्रति राशन कार्ड दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को दो किलो गेहूं प्रति यूनिट और तीन किलो चावल प्रति यूनिट निःशुल्क दिया जाएगा।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, बंद मकान में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी की घटना
- पति गया था लखनऊ, पुलिस छानबीन में जुटी

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। उसका शव अपने ही मकान में मिला। उस वक्त वह घर पर अकेली थी। पड़ोसियों से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर भीतर घुसी। परिवार वाले भी आ गए। जिसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के चलते कॉलोनी में हड़कंप मचा रहा।

घटना आवास विकास कॉलोनी की है।यहां के रहने वाले धीरज आनंद मंगलवार को लखनऊ गए थे।उनकी 30 वर्षीय पत्नी दीपिका घर पर अकेली थी। काफी देर बाद भी जब दीपिका दिखाई नहीं दी और मकान बंद रहा। इस पर आसपास के लोगों को अटपटा लगा। देर शाम कुछ पड़ोसी गए और आवाज लगाई। मगर, इस पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।जिस पर अनहोनी का अंदेशा जताते हुए कॉलोनी के तमाम लोग जमा हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। यूपी 112 और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर भीतर घुसी तो महिला मृत मिली। परिवार वालों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी गई। कुछ देर बाद अन्य परिवार वाले आ गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। किसी तरह की तहरीर मामले में नहीं दी गई है।

### लापता बुजुर्ग का नहर में मिला शव

**पीलीभीत।** चार दिन पहले रहस्यमय ढंग से लापता हुए पूरनपुर के बुजुर्ग का शव गजरौला क्षेत्र में नहर में मिला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव मिलने के दौरान नहर किनारे भीड़ लगी रही। गजरौला थाना क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर में एक बुजुर्ग का शव बुधवार दोपहर करीब 12 बजे उतराता देखा गया। ग्रामीणों की नजर पड़ी तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में दरोगा मोहम्मद आरिफ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। शव को नहर से बाहर निकाला गया। हाथ पर लिखे नंबर पर कॉल की गई तो वह मृतक के परिवार का ही निकला। जिसके बाद शव की शिनाख्त पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव नारायणपुर पंकज कॉलोनी के रहने वाले 70 वर्षीय रामचंद्र लाल पांडे पुत्र मिचकूलाल पांडे के रुप में हुई। बेटे मैकूलाल ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। ये भी बताया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। वह चार दिन से लापता चल रहे थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दुकान से काम निपटाकर लौट रहे युवक को घेरकर पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार:** दुकान से काम निपटाकर घर लौट रहे युवक की पुरानी रंजिश में लाठी डंडे से पिटाई कर दी गई। शोर सुनकर लोग एकत्र हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। घायल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मोहल्ला मोहम्मद फारुख के अंकित शंखधार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 जून की रात करीब दस बजे वह दुकान से वापस घर जा रहे थे। आरोप है कि इस बीच मोहल्ले का करन, वीरेंद्र और राजू ने उससे रोका और बेवजह गाली देने लगे। इतना ही नहीं विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया। उसको लाठी डंडे से बेरहमी से पीटा। किसी तरह उसने खुद को बचाया। शोर सुन लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। तहरीर मिलने पर कोतवाली पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एसपी ने निलंबित सिपाहियों से थाने में किए सवाल

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचार:** एसपी ने घुंघचिहाई थाने का औचक निरीक्षण कर इंतजाम परखे। पुलिसकर्मियों में बीट के साथ ही असलहों को लेकर ज्ञान भी चेक किया गया। अभिलेखों को मेनटेन रखने और साफ सफाई दुरुस्त रखने पर जोर दिया। एक जगह गंदगी मिलने पर नाराजगी भी जताई। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों को बुलाकर भी सवाल जवाब किए।

एसपी अविनाश पांडेय बुधवार सुबह घुंघचिहाई थाने का निरीक्षण करने पहुंचे। करीब दो घंटे तक निरीक्षण चला। परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था परखी। इसके बाद हवालात, कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क पर जाकर व्यवस्थाएं देखी। रिकॉर्ड रूम में अभिलेखों का रखरखाव चेक किया।

नवागत एसओ विशेष कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मियों से सवाल जवाब किए गए। भवन के सभी प्रथम द्वितीय और तृतीय तलों पर एसपी गए। पुराने चौकी के भवन में एक जगह गंदगी दिखी तो उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। दरोगा-सिपाहियों में असलहा का ज्ञान भी परखा। बीते दिनों मुंशी से विवाद पर निलंबित किए गए दोनों सिपाहियों को भी मौके पर बुलाया गया। उनसे मामले की जानकारी की। एसपी ने बताया कि निरीक्षण में कोई खास कमी नहीं मिली है। पीछे की तरफ गंदगी मिली थी, इसे साफ कराने के निर्देश दिए गए हैं।


घुंघचिहाई थाने का निरीक्षण करते एसपी अविनाश पांडेय। ● अमृत विचार


निरीक्षण के दौरान घुंघचिहाई थाने में पौधरोपण करते एसपी अविनाश पांडेय।

- करीब दो घंटे तक चले एसपी के निरीक्षण से मची रही खलबली
- पुलिसकर्मियों की बीट के साथ उनसे असलहा का ज्ञान भी परखा

### नहीं दिखे खनन कर दौड़ने वाले वाहन

घुंघचिहाई क्षेत्र में वैसे खनन के वाहन दौड़ते रहते हैं। मगर बुधवार को एसपी निरीक्षण करने पहुंचे हुए थे। ऐसे में जब तक एसपी थाना परिसर में मौजूद रहे। खनन की गाड़ियों की सड़कों पर आवाजाही नहीं दिखी। एसपी की तेज तर्रार छवि जगजाहिर है। खनन के वाहन न दौड़ने के पीछे कार्रवाई का डर ही माना जाता रहा। इसकी चर्चाएं क्षेत्र में रही।

### पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश

एसपी अविनाश पांडेय के निरीक्षण करने पहुंचने के बाद सीओ पूरनपुर आलोक सिंह भी आ गए थे। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने पौधरोपण किया। दूसरों को भी पेड़ों का महत्व बताते हुए पौधरोपण के लिए जागरूक किया गया।

## शासन ने कलीनगर के गेंदनलाल को लोकपाल मनरेगा नियुक्त किया

**पीलीभीत, अमृत विचार:** शासन ने मनरेगा से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए जिले में लोकपाल मनरेगा की नियुक्ति कर दी है। शासन ने मनरेगा से जुड़ी शिकायतों के निपटारे को कलीनगर तहसील के गेंदन लाल वर्मा को जिले का पहला लोकपाल मनरेगा नियुक्त किया गया है।

हालांकि उनकी नियुक्ति 15 मार्च को हुई थी, लेकिन चुनाव आचार संहिता के चलते उन्हें कार्यालय उपलब्ध नहीं कराया जा सका था। इधर चुनाव आचार संहिता हटते ही डीएम के निर्देश पर लोकपाल मनरेगा को विकास भवन के प्रथम तल पर कार्यालय के लिए कमरा नंबर 18 उपलब्ध करा दिया गया। मनरेगा से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या की शिकायत लिखित या फिर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से लोकपाल मनरेगा को भेजी जा सकती है। जिसका निस्तारण निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्वक कराया जाएगा।

## प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने स्टेशन का किया सेफ्टी ऑडिट

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** गोरखपुर से आए प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने स्पेशल सैलून से पीलीभीत से शाहजहांपुर तक सेफ्टी ऑडिट के दौरान बीसलपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा बुधवार को स्पेशल सैलून से पीलीभीत रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अन्य अधिकारियों के साथ पीलीभीत रेलवे स्टेशन से शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन तक सभी स्थान पर सेफ्टी ऑडिट के तहत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीसलपुर रेलवे स्टेशन के रेलवे फाटक, पुल, पुलिया के अलावा सिग्नल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल परिचालन, टीआरडी, कामर्शियल आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन मास्टर सतीश चंद्र, रंजेश कुमार के अलावा रेलवकर्मी शिवदयाल, प्रदीप कुमार, अभय यादव, उदयवीर चौरसिया आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।


सेफ्टी ऑडिट करने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

# नौकरी गई तो अस्पताल संचालक से मांगी रंगदारी

संवाददाता, बीसलपुर

- भाई की मदद से फर्जीवाड़ा कर झूठी शिकायत करने का चिकित्सक ने लगाया आरोप
- एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, तीन लोग नामजद किए

**अमृत विचार:** चोरी करते पकड़े जाने के बाद निकाले गए कर्मचारी ने अपने भाई की मदद से अस्पताल संचालक की झूठी शिकायतें शुरू कर दी। दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई और धमकाया। एसपी के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एसपी के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट में न्यू श्री धन्वंतरी हॉस्पिटल के संचालक संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि वह बीसलपुर के अतिरिक्त बरेली, फरीदपुर व कुआंडाडा में हॉस्पिटल का संचालन करते हैं। बीसलपुर स्थित हॉस्पिटल में रामलीला रोड के राकेश कुमार को ट्रेनिंग कर्मचारी के रूप में कार्य करने के लिए रखा था। इसने काउंटर में रखे रुपये की चोरी कर ली थी। जिसकी जानकारी मिलने पर उसे नौकरी से निकाल दिया गया।

इसके बाद कर्मचारी राकेश ने अस्पताल संचालक से दो लाख रुपये की रंगदारी मांगना शुरू कर दी। न देने पर आईजीआरएस पर झूठी शिकायत फर्जी आईडी को पंजीकृत कर करने लगा। धमकी दी गई कि बीसलपुर में हॉस्पिटल चलाने नहीं देगा। चारों अस्पतालों को बंद करवाने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित के चारों अस्पतालों की शिकायतें करने लगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी छापेमारी करने लगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जब मामले की जांच की तो शिकायत झूठी पाई गई। शिकायतकर्ताओं ने शिकायत न करने की बात कही और लिख कर दिया। इसके बाद संचालक ने जब मामले की गहनता से जांच कराई तो पता चला कि राकेश कुमार का भाई प्रेम गंगवार जन सेवा केंद्र एवं आधार संशोधन केंद्र चलाता है। उसी के द्वारा फर्जी आईडी से सिम लेकर अपने जन सेवा केंद्र से आईजीआरएस का दुरुपयोग करके फर्जी शिकायतें की जा रही हैं।

राकेश के भाई कृष्णा मेडिकल संचालक द्वारा अस्पताल में एक्सपायर दवाएं भेज कर अस्पताल की छवि को खराब कर रहे हैं। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले में राकेश कुमार, प्रेम गंगवार और कृष्णा पर धोखाधड़ी, रंगदारी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**कार्रवाई** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर चाइल्ड हेल्पलाइन, एएचटीयू की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

# बाल मजदूरी के खिलाफ कार्रवाई, तीन बाल श्रमिक मुक्त कराए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर श्रम विभाग ,चाइल्ड हेल्पलाइन एवं एएचटीयू की संयुक्त टीम द्वारा जहानाबाद में बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने कस्बे में दुकानों, ढाबों, रेस्टोरेंट समेत अन्य सार्वजानिक आदि स्थानों पर छापेमारी की।

अभियान के दौरान तीन बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। इस दौरान इन सभी बाल श्रमिकों के नियोजकों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई। इस दौरान टीम सदस्यों ने दुकानदारों को बालश्रम निषेध दिवस की जानकारी देते हुए बाल श्रम न कराने को कहा गया। चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह ने बताया कि बाल श्रम करना दंडनीय अपराध है। यदि कोई व्यक्ति बाल श्रम कराता है तो इसकी सूचना तत्काल 1098 पर दें। बाल भिक्षावृत्ति के बारे में भी जागरूक किया गया।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका वर्मा ने बताया कि बालश्रम के अंतर्गत खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध दो वर्ष तक की सजा या 50 हजार रुपए तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। गैर खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर सेवायोजक को एक माह तक की सजा या 10 हजार रुपए तक जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। यदि कोई माता पिता भी अपने बच्चों को व्यवसायिक कार्य में संलग्न करेगा तो उनके विरूद्ध भी दंडात्मक कार्यवाही अपनाई जाएगी। रेस्क्यू अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी के अलावा नदीम, एएचटीयू थाना उपनिरीक्षक अमित शर्मा, रमा कांति, भानुप्रताप आदि मौजूद रहे।


जहानाबाद में छापेमारी करती संयुक्त टीम। ● अमृत विचार


बाल श्रमिक मुक्त कराए जाने के बाद लिखापढ़ी करती श्रम प्रवर्तन अधिकारी।

### गोष्ठी कर लोगों को किया जागरुक

**पीलीभीत।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर शहर के पुरानी तहसील परिसर स्थित श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय में बुधवार को गोष्ठी हुई। जिला प्रभारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्यवरी सिंह ने बाल श्रम की समस्या पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस दिवस का उद्देश्य बचपन में पढ़ाई लिखाई से वंचित होकर बाल मजदूरी में लगे बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवाना एवं उनको विकास की मुख्य धारा में शामिल करना है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं श्रमायुक्त के निर्देशों के क्रम में एक जून से 30 जून तक बाल श्रमिकों के चिन्हांकन, अवमुक्तिकरण एवं पुनर्वासन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बाल श्रम से संबंधित किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नम्बर 1098 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। सुचेतना श्रम मजदूर सेवा वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष नवी खान ने बताया कि बाल श्रम से बालक अपने शिक्षा, स्वास्थ व नैतिक अधिकार को प्राप्त नहीं कर पाता है। अत: समाज के प्रत्येक वर्ग को बाल श्रम के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। नीलकंठ जन विकास सेवा समिति के प्रबंधक ब्रहमस्वरूप ने श्रमिक वर्ग से अनुरोध किया गया कि वह अपने बच्चों को पढ़ाई के लिये प्रेरित करें।

# बरखेड़ा सीएचसी में मरीजों को राहत न उनके तीमारदार को... पानी खरीदकर बुझा रहे प्यास

## गर्मी में वाटर कूलर खराब पड़े, मिट्टी के मटकों में गर्म पानी भरवाकर निभाई जा रही औपचारिकता

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के बीच प्यास बुझाने के लिए सीएचसी पर पर्याप्त इंतजाम के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन मरीज और तीमारदार तपती धूप में गर्म पानी पीने को मजबूर हैं। मशीन लगी होने और मिट्टी के मटकों की उपलब्धता होने के बाद भी उनको गला तर करने के लिए बाहर दुकानों से बीस रुपये की पानी की बोतल खरीदना पड़ रही है। जिम्मेदार इसे लेकर बेसुध बने हुए हैं। मरीज और तीमतारदारों का हाल बेहाल है।

- पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के बाद भी जिम्मेदार नहीं ले रहे सुधि

कस्बे में स्थित सीएचसी बरखेड़ा पर इलाज कराने लिए दर्जनों गांवों के लोग पहुंचते हैं। एक लाख से अधिक की आबादी सीएचसी पर निर्भर है। वर्तमान में गर्मी का सितम मरीजों की संख्या में इजाफा कर रहा है। प्रतिदिन की ओपीडी 300 या फिर उसके पार पहुंच रही है। मगर व्यवस्थाओं की बात करें तो यहां पर मरीज और तीमारदारों के लिए प्यास बुझाने के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं है।

वैसे तो यहां पर पानी कीमशीन लगी हुई है। इससे पानी आ भी रहा है, लेकिन 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहे पारे के बीच मशीन से निकलने वाला पानी पीना संभव नहीं लगता। इन टंकियों से गर्म पानी निकल रहा है। लंबे समय से इस मशीन का फ्रीजर ही खराब है। उसका सुधार कराने के लिए भी सुधि नहीं ली गई है।

जबकि इमरजेसी में ही 10 से अधिक मरीज पहुंचते हैं। कए माह में प्रसव की संख्या भी 150 या फिर उससे अधिक रहती है। वाटर कूलर में आई दिक्कत चलते मरीज गर्मी के बीच प्यास बुझाने को सादा पानी पीने को मजबूर होते हैं या फिर बाहर की दुकानों पर बिक रही20 रुपये की बोतल खरीदना पड़ती है। कई बार तो मरीजों के पानी में ही 100 से अधिक रुपये खर्च हो जाते हैं।


सीएचसी बरखेड़ा में लगा वाटर कूलर।


सीएचसी बरखेड़ा में रखा खाली मटका।


सीएचसी बरखेड़ा में पर्चा बनवाते मरीज व तीमारदार। ● अमृत विचार


अमृत विचार टीम के फोटो खींचते ही कर्मचारियों से भरवाए मटके।

### मटके मंगवाए, मगर पानी नहीं भरवाया

मशीन से ठंडा पानी न निकलने पर लोग परेशान होते हैं। इसका समाधान करने के नाम पर जिम्मेदारों ने औपचारिकता निभाई। मटके खरीदकर सीएचसी परिसर में रखवा दिए गए हैं। मगर उसमें प्रतिदिन पानी ही नहीं भरा जाता है। जब इन मटकों के अमृत विचार टीम ने फोटो खींचना शुरू किए तो आनन-फानन में कुछ कर्मचारियों को भेजकर उसमें वही गर्म पानी भरवाकर औपचारिकता निभा ली गई।

### पानी के लिए इंडिया मार्क नल भी नहीं

कस्बा बरखेड़ा में मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर पहले ही सड़क पर लगे इंडिया मार्का नल उखड़वा दिए गए थे। जिससे कस्बे में पहुंचने वाले लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। इसके अलावा सीएचसी परिसर में जिधर मरीज आते हैं, उस तरफ कोई सरकारी नल नहीं है। आवासीय परिसर की तरफ नल लगे हुए हैं। मगर उस तरफ मरीज और तीमारदारों का आना-जाना नहीं हो पाता है। कई बार लोग नल लगवाने की भी मांग कर चुके हैं।


सीएचसी में सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है फिर भी पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। पुत्री शिवानी के हाथ में दाने निकल आए थे उसे दिखाने के लिए आए थे। प्यास बुझाने के लिए भी परेशान होना है। **- पातीराम**, ग्राम अमखेड़ा


पत्नी राखी की ब्लड की जांच कराने के लिए दो दिन पहले सीएचसी बरखेड़ा गए थे। वहां पर कुछ समय लगा। इस बीच प्यास लगने पर गए तो मशीन में गर्म पानी निकल रहा था। ऐसी मशीन होने से क्या फायदा। इसका सुधार होना चाहिए। **- सूरज सैनी**, ज्योराह कल्याणपुर


गर्मी के दिनों में हर तरफ प्याऊ लगाए जाते हैं। मगर, यहां सीएचसी में तो शीतल जल की किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं। मटके रखे हुए थे उसमें भी पानी नहीं। आंख में कुछ दिक्कत होने पर बीते दिनों गए तो पानी के लिए भी परेशान होना पड़ा। **- मिढ़ईलाल**, गांव बरगदा


गर्मी इन दिनों बहुत पड़ रही है। सीएचसी की मशीन से पानी गर्म निकल रहा है। उसे पीएं भी तो कैसे। बहन नीतू के एलर्जी हो गई थी। इस पर उसे दवा दिलाने के लिए गए थे। काफी परेशान होना पड़ा। व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। **- महेश कुमार**, गांव गजरिहा

> इन दिनों सीएचसी की ओपीडी 250-300 के आसपास पहुंच रही है। प्रति माह करीब 150 प्रसव हो जाते हैं। करीब एक सप्ताह से वाटर कूलर खराब होने के कारण मरीजों एवं तीमारदारों को ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। मैकेनिक के लिए बोला गया है जल्द ही मिस्त्री बुलाकर ठीक करा दिया जाएगा। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए मिट्टी के मटके भरकर रखवाए जाते हैं। **- डॉ .लोकेश गंगवार**, सीएचसी अधीक्षक बरखेड़ा

## प्रेमिका से शादी की बात करने गया युवक लापता

**पूरनपुर, अमृत विचार:** प्रेमिका के घर शादी की बात तय करने गया युवक रहस्मय ढंग से लापता हो गया। उसकी बाइक और चप्पल नहर के किनारे मिलीं। परिजनों ने प्रेमिका और उसके घर वालों पर युवक की हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाते हुए सीओ से शिकायत की है। थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव के रहने वाले कुमारेश मंडल (28) पुत्र सुनील मंडल गुजरात में रहकर काम करते थे।

- नहर के पास मिली बाइक और चप्पलें, परिजन परेशान

कुमारेश का थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती से पांच वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है। सप्ताह भर पहले ही कुमारेश गुजरात से वापस लौटा था। दूसरे दिन वह घर से प्रेमिका के घर शादी की बात तय करने की बात कहकर निकला। जिस गांव में उसकी प्रेमिका रहती है। वहां पर उसकी रिश्तेदारी भी है। कुमारेश मंडल पांच दिन उसी गांव में रुका। उसके बाद अचानक वह गायब हो गया। 11 जून को कुमारेश की बहन ने उसके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया। काफी प्रयास के बाद अज्ञात व्यक्ति ने कुमाररेश का फोन रिसीव किया। फोन रिसीव करने वाले ने बताया कि कुमारेश की बाइक, चप्पल और मोबाइल कलीनगर के पास हरदोई ब्रांच नहर के किनारे मौजूद हैं। कुमारेश की बहन ने चंदुइया में उसके परिजनों को बताया। सूचना मिलते ही परिजन नहर किनारे पहुंच गए और कुमारेश की काफी खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चल सका। उसके चचेरे भाई संजीत मंडल में बुधवार को इससे संबंधित शिकायती पत्र दिया। इसमें आरोप लगाया गया है कि प्रेमिका और उसके परिजन ने कुमारेश की हत्या कर उसका शव गायब कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### नीट परीक्षा रद्द करने की मांग, ज्ञापन सौंपा




**पीलीभीत, अमृत विचार :** नीट परीक्षा को रद्द करने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। आम आदमी पार्टी के बाद अब समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में दिया। जिलाध्यक्ष अभिषेक गंगवार की अगुवाई में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां नीट परीक्षा रद्द करने की मांग से जुड़ा ज्ञापन डीएम कार्यालय में दिया। नीट परीक्षा प्रवेश में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। कहा कि यही कारण है कि पात्र छात्रों को प्रवेश नहीं मिलता और अपात्र आसानी से प्रवेश पा लेते हैं, जोकि भविष्य के लिए गलत है। मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में रवि सिंह, फरमान, नबीर अली, आरिश खान, एडवोकेट अनिरुद्ध सिंह आदि मौजूद रहे।

### जितिन से दिल्ली में की मुलाकात, मांगी सड़कें



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद नवनिर्वाचित सांसद जितिन प्रसाद को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। इसके बाद से बधाई का सिलसिला बरकरार है। दिल्ली पहुंचकर जनपद के तमाम नेता और समाजसेवी बधाई देने में जुटे हुए हैं। इसी बीच भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति सदस्य एवं ग्राम पंचायत मुड़िया हुलास की प्रधान सीमा पाठक ने भी दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात की। उन्हें बुके देकर शुभकामनाएं दी गई। इसी के साथ अपनी ग्राम पंचायत के लिए सड़कों के निर्माण को लेकर अनुरोध किया गया। इस पर उन्हें विकास का आश्वासन मिला है।

### बच्चों को मन से पढ़ने की दी सलाह



**मझोला, अमृत विचार :** रामप्रसाद हायर सेकेंडरी स्कूल टाह पौटा में बुधवार को लक्ष्य कोचिंग की शुरुआत की गई। जिसका संचालन तेज बहादुर लोधी ने किया। बच्चों को नवोदय विद्यालय, अटल आवासीय, विद्याज्ञान जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी इस केंद्र पर कराई जाएगी। ये सेंटर लोधी क्षेत्रीय एम्प्लॉयीज एसोसिएशन पीलीभीत इकाई द्वारा संचालित किया जा रहा है। बच्चों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए गाइड और स्टेशनरी को वितरित किया गया। इस मौके पर लक्ष्य के जिलाध्यक्ष आदर्श वर्मा ने बच्चों को लगन से पढ़ने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि राम इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश वर्मा ने भी विचार व्यक्त किया। इस मौके पर विजय लोधी, हरपाल वर्मा, अमित वर्मा, मनोरमा लोधी आदि मौजूद रहे।

### इलाबांस देवल से बाइक चोरी

**बिठौराकलां, अमृत विचार :** गांव बिठौराकलां की रहने वाली ऊषा देवी ने दियोरियाकलां कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 11 जून को वह बाइक से पति सरवण कुमार के साथ इलाबांस देवल स्थल पर गए थे। गांव से झंडी यात्रा गई थी। रात में वहीं पर सो गए। इस बीच उनकी बाइक चोरी हो गई। काफी तलाशने के बाद भी बाइक का पता नहीं लग सका है। पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई।

# उर्स ए शाहजी पर शहर में निकला चादरों का जुलूस

## दरगाह शरीफ पर आज 10 बजे बड़े कुल शरीफ का होगा आयोजन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रख्यात सूफी संत अल्हाज शाहजी मोहम्मद शेर मियां के 121वें उर्स के चौथे दिन शहरों में चादरों के जुलूस का गश्त निकाला गया। शाम को करीब पहले कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। इस दौरान बड़ी तादाद में दूर-दराज से आए जायरीनों ने दरगाह शरीफ पर पहुंचकर चादरपोशी की और दुआएं मांगी। बृहस्पतिवार सुबह 10 बजे आखिरी बड़ा कुल शरीफ का आयोजित किया जाएगा।

शहर स्थित दरगाह ए शेरिया पर हजरत शाहजी हाजी मुहम्मद शेर मियां के 121वें उर्स का आगाज बीते रविवार से किया गया था। परपंरा के मुताबिक पहले दिन सरकारी अमले ने शहरवासियों के साथ दरगाह पर पहुंचकर हाजिरी दी थी। वहीं एक दिन पूर्व मुशायरे का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की थी। इधर बुधवार को भी दूर दराज से आए अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी लगाकर दुआएं मांगी। इस दौरान शहर में चादरों के जुलूस का गश्त किया गया और मज़र शरीफ पर चादर पोशी की गई। बाद नमाज़े असर दरगाह शरीफ़ पर पहला कुल शरीफ का आयोजन किया गया। जिसमें मीलाद ख़्वानी का आयोजन किया गया और उलमा ए किराम ने तकरीर की। दरगाह के साहिबे सज्जादा हजरत मुन्ने मियां शेरी ने ईसाले सवाब फ़रमाया। मुल्क और क़ौम की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। बृहस्पतिवार सुबह 10 बजे दरगाह शरीफ पर आखिरी बड़ा कुल शरीफ आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर नायब सज्जादा मेराज मियां शेरी, अब्दुल हफीज मियां शेरी, बिलाल मियां शेरी, शहराज मियां शेरी, नफ़ीस मियां शेरी, आरिफ हजरत खां समेत फैजाबाद, अंबेडकर नगर, टांडा, बनारस, कानपुर, लखनऊ आदि शहरों से आए अकीदतमंदों ने शिरकत की।


बरखेड़ा से चादर लेकर दरगाह ए शेरिया जाते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

### बरखेड़ावासियों ने पेश की 121 मीटर लंबी चादर

**बरखेड़ा।** बुधवार को कस्बावासियों ने दरगाह ए शेरिया पहुंचकर 121 मीटर की चादर की चादरपोशी की। इस दौरान सभी अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी लगाकर देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। इस मौके पर मोईनअंसारी, वसीमअंसारी, अकरम, नौसाद, फ़ईम, अब्बास, फूलबाबू, फ़ैज़ख़ान, अरबाज़, तसलीम, सरताज आदि मौजूद रहे।

### नौगवां पकड़िया से भी पहुंची चादर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शाहजी मियां दरगाह पर चल रहे उर्स में बुधवार को देर रात तक चादरपोशी का सिलसिला चला। शहर से सटे नौगवा पकड़िया नगर पंचायत से भी बड़ी संख्या में जायरीन चादरपोशी करने के लिए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग रहे। फूलों से उनका जगह जगह स्वागत किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही।


दरगाह शरीफ पर कुल शरीफ के दौरान साहिबे सज्जादा हजरत मुन्ने मियां शेरी।





















